दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 12 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू, जिला-रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए गत दिवस आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का विस्तृत परीक्षण कर मूल्यांकन समिति द्वारा प्रारंभिक मूल्यांकन पत्रक केन्द्रवार एवं पदवार पृथक-पृथक तैयार किया गया है। जिसे अवलोकन हेतु परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू, जनपद पंचापयत कार्यालय धरमजयगढ़, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), संबंधित ग्राम पंचायत में चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 12 जनवरी 2023 तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिन आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आवेदन मंगाये गये थे। इनमें सोनुपर एवं लक्ष्मीनगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बांझीआमा, विजयनगर, जरोलीआमा एवं चाल्हा (उरांवपारा)में आंगनबाड़ी सहायिका एवं पर्वतपारा व धनपुरी में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त थे।

### वार्ड क्रमांक 27 के मतगणना कार्य में डिप्टी कलेक्टर कंवर सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ ने नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022 के लिए नगर पालिका निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 के मतगणना कार्य में रिटर्निंग आफिसर की सहायता हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ शिव कुमार कंवर को सहायक रिटर्निंग आफिसर (मतगणना) नियुक्त किया है।

### जिले में अब तक कुल 830 क्विंटल धान किया गया जब्त

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिले में धान खरीदी कार्यों में गड़बड़ी के संबंध में जांच एवं कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। मंडी सचिव संग उडऩदस्ता की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव मंडी समिति के अंतर्गत 28 दिसंबर तक कुल 27 प्रकरण बनाए जा चुके हैं जिसमें सारंगढ़ मंडी समिति अंतर्गत कुल 8 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें कुल 206.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। बरमकेला मंडी समिति अंतर्गत कुल 6 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें कुल 155.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। भगवान भटगांव मंडी समिति अंतर्गत कुल 13 प्रकरण बनाए गए हैं, जिसमें कुल 469.20 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस तरह अब तक कुल 830 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि जिले में धान खरीदी कार्यों को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद है, जांच एवं निगरानी के लिए बनाई गई उडऩदस्ता टीम लगातार गड़बड़ी एवं अव्यवस्था की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

### कोयला लोड ट्रेलर सड़क पर पलटा

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा-पसान रोड पर बिंझरा के पास मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात कोयला लेकर जा रहा ट्रेलर बेकाबू होकर सडक़ के बीच पलट गया। इससे सडक़ परआवाजाही बंद हो गई। 12 घंटे बाद ट्रेलर को हटाया जा सकाए तब जाम खुला। गेवरा-दीपका क्षेत्र से ट्रेलर सीजी.04. एनएस.4953 मंगलवार की रात कोयला लेकर कटघोरा.पसान रोड से मध्यप्रदेश की ओर जा रहा था। रात लगभग 3 बजे ट्रक बिंझरा के पास पहुंचने पर ट्रेलर बेकाबू होकर सडक़ के बीच पलट गया। दुर्घटना में चालक सुरक्षित बच गयाए लेकिन ट्रेलर के ट्राला से गिरकर कोयला सडक़ पर बिखर गयाऔर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई।

# स्कूल में बच्चों से कराएं ऑसर राईटिंग प्रेक्टिस -कलेक्टर

- बच्चों को मोटिवेट करते हुए उनके झिझक को करें दूर
- कलेक्टर साहू ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने कहा, जिससे बच्चे अच्छे परिणाम प्राप्त करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक चयनित हो सके। उन्होंने सभी बीईओ को विशेष रूप से कहा कि स्कूल में पढऩे वाले बच्चों को आंसर राईटिंग की प्रेक्टिस करायें ताकि बच्चे एग्जाम के समय अपने उत्तर पुस्तिका में नियत समय में पूरा आंसर सही व अच्छे ढंग से लिख सके। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू ने बैठक के दौरान कमजोर बच्चों को विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उनके लिए अलग से एकस्ट्रा क्लास लगाने और पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर साहू ने स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए हर सप्ताह खेल-कूद, निबंध, भाषण, लेखन प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां कराये जाने कहा। कलेक्टर साहू ने कहा कि बच्चों के मन में जो झिझक होती है उन्हें दूर करें। उन्हें किताबी ज्ञान के अलावा अपने जिला एवं राज्य से जो व्यक्ति सफल हुए है उनके बारे में जानकारी दे। बच्चों को मोटिवेट करें, उनके प्रतिभा को निखारे और उन्हें बताये कि आप भी पढ़ाई करके उस मुकाम तक पहुंच सकते है।

कलेक्टर साहू ने बैठक के दौरान स्कूल में बनाये जा रहे जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के कार्यों को तेजी से करने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लैलूंगा, तमनार एवं धरमजयगढ़ के खराब प्रदर्शन पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि बच्चों का जाति पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने छात्रवृत्ति के संबंध में भी चर्चा की एवं सभी पात्र बच्चों को इसका लाभ दिलाने को कहा। स्कूलों में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराने तथा शिक्षकों को निर्धारित समयावधि में नियमित उपस्थित रहने के निर्देश दिए एवं समय पर स्कूलों में अनुपस्थित पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक शिक्षा दीप्ति अग्रवाल, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान-** कलेक्टर साहू ने शिक्षा विभाग की बैठक में मध्यान्ह भोजन के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन बच्चों के लिए पूरक पोषण के स्रोत और उनके स्वस्थ विकास के रूप में भी कार्य करता है। इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उनके भोजन में प्रोटीन वाले आहार जैसे सोयाबीन बड़ी के साथ हरी सब्जियां, भाजी को शामिल करें। मध्यान्ह भोजन के संबंध में शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

**उत्कृष्ट शिक्षक होंगे 26 जनवरी को सम्मानित-** कलेक्टर साहू ने बैठक के दौरान समस्त बीईओ से कहा कि स्कूलों के ऐसे शिक्षक जिन्होंने बच्चों के लिए पढ़ाई में उत्कृष्ट कार्य किया हो अथवा स्कूल स्टॉफ जिन्होंने शाला में रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन सभी को आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जायेगा।

**रायगढ़ की श्रृष्टि हारमोनियम वादन में करेंगी राज्य का प्रतिनिधित्व, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं-** कु.श्रृष्टि डनसेना को स्वर वादन (हारमोनियम)में लोककला उत्सव में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर साहू ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद करने की बात भी कही। ज्ञात हो कि कृष्ण वाटिका रायगढ़ में रहने वाली कु.श्रृष्टि डनसेना कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत है। जिन्होंने पढ़ाई में अपना स्थान बनाने के साथ ही स्वर वादन (हारमोनियम)में अपनी प्रतिभा दिखाई और छत्तीसगढ़ राज्य लोककला उत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य में अव्वल आने के बाद अब वे भुवनेश्वर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## युवतियों की फोटो एडिट कर ब्लेमेल करने वाला नाबालिग बिहार से गिरफ्तार



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)।** सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर उनकी प्रोफाइल फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने वाले एक नाबालिग लडक़े को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों में गौरेला और पेंड्रा थाने में शिकायतकर्ता लड़कियों ने तीन अलग-अलग मामले दर्ज कराए थे। इसमें आरोपी इन लड़कियों की फोटो को एडिट कर अश्लील बनाता था तथा उनको ब्लैकमेल कर रहा था। इंस्टाग्राम यूजर के मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करने के बाद साइबर टीम और क्राइम ब्रांच ने बिहार के पटना जाकर नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने अन्य प्रदेशों में भी लड़कियों को अपना शिकार बनाया है। आरोपी छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों के करीब 20 लड़कियों को अब तक ब्लैकमेल कर चुका है। जिसके सबूत भी उसके मोबाइल में मिले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले इंस्टाग्राम में लड़कियों को फॉलो करके दोस्ती करता था, फिर उनकी प्रोफाइल और दूसरी फोटो को एक साफ्टवेयर की मदद से एडिट कर न्यूड अश्लील बनाता तथा चूंकि वह उन लड़कियों की फॉलोलिस्ट में होता था लिहाजा उनके टाईमलाईन और मैसेज करके उनको ब्लैकमेल करने का काम शुरू करता और लड़कियों को नग्न होने का दबाव बनाता था। फिलहाल नाबालिग होने के कारण जिले की पुलिस ने किशोर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह दाखिल कराया गया है।

## हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड पर

- कोयला ट्रांसपोर्टिंग के प्रतिस्पर्धा को लेकर चाकूबाजी की घटना में अपने साथी के साथ था शामिल

रायगढ़। गत दिनों घरघोड़ा पुलिस ने कोल ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में प्रतिस्पर्धा को लेकर कुडमकेला में चाकूबाजी की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी थाना छाल क्षेत्र के आदतन बदमाश चंदन सिंह राजपूत को 24 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

आरोपी चंदन सिंह राजपूत के द्वारा उसके साथी बाबू नेपाली के 22 दिसंबर के सुबह कोल ट्रेडिंग, ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े अनुप अग्रवाल को माइंस एरिया में काम नहीं करने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से हत्या की नियत से अनूप अग्रवाल पर वार किया बीच-बचाव में अनुप अग्रवाल के हाथ, उंगलियों में चोटे आई थी। घटना को लेकर 22 दिसंबर को ही अनुप अग्रवाल द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर थाना घरघोड़ा में आरोपियों पर अपराध क्रमांक 520/2022 धारा धारा 294,506,323,34 भा.द.वि. के तहत अपराध आरोपियों पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आहत अनुप अग्रवाल का प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट का पुनः क्यूरी कराए। प्राप्त क्यूरी रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 324, 307 आईपीसी जोड़ा गया और आरोपियों की सघन पतासाजी की गई। दोनों अपने ठिकानों से फरार थे, पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिये दबाव बनाकर इलाके में दबिश दिया जा रहा था कि इसी बीच आरोपी चंदन सिंह राजपूत को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया तथा आरोपी के पास मिले एक देशी कट्टा मय मैंगजीन में लगे 03 राउंड पर पृथक से एक अन्य आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी चंदनसिंह राजपूत पिता जयसिंह उम्र 34 वर्ष सा. कैलाश नगर एकता चौक दुर्ग हा.मु. ऐडु राजस्थान होटल के पास थाना छाल जिला रायगढ़ (छ.ग.) को गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया।

फरार आरोपी बाबू नेपाली की गिरफ्तारी के लिये घरघोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार दबिश दे कर आरोपी पर दबाव बनाया जा रहा था। इसी क्रम में आज मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी रियासत अली उर्फ बाबु नेपाली पिता स्व. लियाकत अली उम्र 40 वर्ष सा. इंद्रानगर गंगाराम तालाब के पास रायगढ़, थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ हा.मु. बाजार पारा कुडुमकेला थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को उसके गांव में देखे जाने की सूचना पर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर घटित करना स्वीकार किया जिससे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी घरघोड़ा मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता को लेकर भी बारीकी से जांच किया जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य घरघोड़ा पहुंचकर कलेक्टर ने लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू घरघोड़ा के दौरे पर रही। यहां पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर साहू इस दौरान पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर वहां मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज तथा व्यवस्थाओं के बारे में उनका फीडबैक भी लिया। कलेक्टर साहू ने जनरल तथा फीमेल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओपीडी तथा आईपीडी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने कहा कि घरघोड़ा के आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह नि:शुल्क उपचार का प्रमुख केंद्र है। अत: डॉक्टर यहां नियमित रूप से उपस्थित रहे तथा ओपीडी तथा आईपीडी की संख्या अच्छी होनी चाहिए। अस्पताल में कार्यरत मैन पावर और स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली। अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को सुचारू रूप से चलाने और महिलाओं के नॉर्मल डिलीवरी के साथ सी सेक्शन के लिए भी समुचित व्यवस्था के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर साहू ने कोविड से निपटने को लेकर अस्पताल में तैयारियों के बारे में जानकारी ली और ऑक्सीजन प्लांट को भी देखा। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के पश्चात जिन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की आवश्यकता है वे तत्काल कर ली जाए। उपकरणों के मेंटेनेंस के साथ ही स्टाफ की ट्रेनिंग भी हो जानी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित जेनेरिक मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध दवाइयों तथा मरीजों को उसकी बिक्री के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने इस दौरान परिसर में निर्माणाधीन एनआरसी भवन के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, एसडीएम घरघोड़ा रोहित सिंह, डीपीएम रंजना पैंकरा, बीएमओ घरघोडा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर पहुंची यूथ सेंटर, बढ़ाया छात्रों का हौसला-** कलेक्टर रानू साहू ने घरघोड़ा के यूथ सेंटर भी पहुंची। यहां वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मिली तथा उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने यूथ सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी छात्रों से पूछा। बताया गया कि सेंटर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किताबें उपलब्ध हैं। मासिक मैगजीन भी मंगवाई जाती है। कलेक्टर साहू ने छात्रों से कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अनुकूल माहौल और संसाधन मिले, इसके लिए यह सेंटर चलाया जा रहा है। इसका पूरा लाभ उठाएं और मेहनत और लगन से परीक्षा की अच्छे से तैयारी करें। उन्होंने छात्रों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर साहू और सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी बी.बाखला उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सहकारी उचित मूल्य की दुकानों का किया निरीक्षण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज सारंगढ़ के वार्ड क्रमांक 11 से 15 की सहकारी उचित मूल्य की दुकान और वार्ड क्रमांक 13 की दुकान का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 11 से 15 की दुकान शालू महिला एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित होता है एवं वार्ड क्रमांक 13 की दुकान माँ अग्नि ज्वाला समूह द्वारा संचालित किया जाता है। कलेक्टर ने दुकान संचालन करने वाले सदस्यों से पॉस मशीन से हितग्राहियों को चावल आबंटन की प्रक्रिया करवा कर देखा। निरीक्षण में उपस्थित फूड इंस्पेक्टर ने चावल की खरीदी भी किया। इसके अलावा कलेक्टर ने दुकान में चावल तथा एफआरके राइस के आबंटन के बारे में जानकारी ली। साथ ही दुकान से प्रदान की जाने वाले अन्य सामग्री नमक, शक्कर के आबंटन तथा स्टॉक के भौतिक सत्यापन की भी जानकारी ली एवं निरीक्षण पंजी में एंट्री की गई। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव एवं खाद्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने की धान खरीदी कार्यों की समीक्षा



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने जिले के सभाकक्ष में धान खरीदी कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने धान की आवक और उठाव के बारे में जानकारी ली। उप पंजीयक सहकारिता विभाग ने जानकारी दी कि अब तक धान उपार्जन केंद्रों से 80 प्रतिशत धान खरीदी हो चुका है जो कि कुल रकबा का 72 प्रतिशत है। वहीं धान का उठाव 83 प्रतिशत तक हो चुका है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 65 समितियों के अंतर्गत 82 धान ऊपार्जन केन्द्रों से कुल 81 हजार 265 पंजीकृत किसानों में से 64 हजार 646 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 91 प्रतिशत धान का डीओ जारी हो चुका है एवं किसानों के खाते में कुल 470 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के कुल 4 गोदाम हैं, नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआई द्वारा धान का उठाव किया जा रहा है। कलेक्टर ने इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों से आ रहे फर्जी धान पर कार्यवाही करने को कहा, इसके साथ ही शत प्रतिशत रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### एक ही ट्रेक पर आ रही थी दो ट्रेने, बड़ा हादसा टला

**रायपुर (आरएनएस)।** गुरुवार दोपहर डोंगरगढ़ के निकट एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। जब एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आ रही ट्रेने रोकी गई। रायपुर की ओर आ रही बीकानेर बिलासपुर एक्सप्रेस और नागपुर की ओर जा रही मालगाड़ी आमने-सामने हो गए। एक-दूसरे को एक ही ट्रैक पर देख दोनों ट्रेनों के ड्राइवरों ने एमरजेंसी ब्रेक का इस्तेमाल किया। जिसके चलते ट्रेने करीब 100 मीटर की दूरी पर रूकी और एक बड़ा हादसा टल गया। रेल सूत्रों के अनुसार यह हादसा ड्राइवरों की सजगता से न हो सका। वरना कैबिन के सिग्नल कर्मी और स्टेशन मास्टरों ने तो एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के बीच टक्कर के लिए ग्रीन सिग्नल दे दिया था। इसका वीडियो एक्सप्रेस में सवार एक यात्री ने शूट कर वायरल किया है।

## सीएमएचओ ने ली खंड चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक

- कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं तैयारी के संबंध में की गयी चर्चा



**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य एवं चिरायु,परिवार नियोजन, राष्ट्रीय वयोवद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाधरिता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम, सिविल अस्पतालों/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में प्रदान की जाने वाली सेवाओ की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिीनिक योजना, ब्लड बैंक एवं ब्लड स्टोरेज केंद्र, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, एनएचएम अंतर्गत वित्तीय प्रगति, राष्ट्रीय कैंसर, ह्द्ध्यरोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक से हितग्राहियों को अपना द्वितीय एवं प्रीकॉशन डोज समस्त शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में जाकर अपने कोविड टीकाकरण को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है तथा कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं तैयारी संबंधी चर्चा की गयी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480